एक नजर

विस्थापित लोगों को जमीन मुहैया कराने की मांग

बीहट (बेगूसराय) : बरौनी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरपुर चौक, मोसादपुर, तिलरथ, बीहट चकिया सहित अन्य जगहों पर सड़क किनारे बसे लोगों को फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के लिए हटाया जा रहा है। बरौनी प्रखंड के उपप्रमुख डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि सड़क किनारे बेघर व बिना जमीन वाले लोगों को सरकारी जमीन पर भवन निर्माण बनाने के लिए जमीन मुहैया कराने की मांग बरौनी अंचल पदाधिकारी से की है। कहा कि जिन लोगों को सड़क किनारे से हटाया जा रहा है। वैसे लोगों को गैरमजरूआ जमीन सहित अन्य सरकारी जमीन मुहैया कराया जाए। तभी वैसे लोगों को उक्त स्थलों से हटाया जाए।

आग लगने से लाखों की संपत्ति नष्ट

बछवाड़ा (बेगूसराय) : थाना क्षेत्र की रानी-01 पंचायत स्थित नारेपुर पश्चिम गांव में रसोई गैस के रिसाव से लगी आग में खपरैल का दो घर समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। रानी 01 पंचायत के वार्ड नं दो सुनील कुमार राय ने बताया कि रात करीब आठ बजे घर में पत्नी वंदना कुमारी रसोई गैस पर खाना बना रही थी। इसी दौरान आग लग गई इससे पूरा घर जल गया। मौके पर दमकल पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने से लाखों रुपये का सामान जल गया।

संकुल स्तरीय तरंग प्रतियोगिता

वीरपुर, बेगूसराय : बरैपुरा मध्य विद्यालय में संकुल स्तरीय तरंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बॉलीवॉल, कबड्डी व संगीत आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बॉलीवॉल में नौला संकुल की बालिका ने वीरपुर संकुल की बालिकाओं को हराया। बालक वर्ग में वीरपुर संकुल ने लक्ष्मीपुर संकुल को हराया। कबड्डी में लक्ष्मीपुर संकुल की छात्राओं ने वीरपुर संकुल की छात्राओं को हराया।

रेलवे के 9 मामलों पर हुई सुनवाई

बरौनी (बेगूसराय) : केंद्रीय सूचना आयुक्त अभिताभ भट्टाचार्य ने आरटीआइ एक्टिविस्ट शोकहरा पंचायत दो निवासी गिरीश प्रसाद गुप्ता के द्वारा मांगी गई विभिन्न 9 मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा की। सुनवाई के दौरान पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर एवं सोनपुर रेल मंडल के लोक सूचना पदाधिकारी सह सीपीआइओ व आवेदक श्री गुप्ता शामिल थे। केंद्रीय सूचना आयुक्त ने आवेदक को सूचना मांगने पर उन्हें सूचना नहीं देने तथा सूचना देने में आना-कानी करने पर रेल के लोक सूचना पदाधिकारी को जमकर फटकार लगाई और उन्हें 15 दिनों में सूचना उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

31 मार्च तक मिलेगी छूट

बेगूसराय : नगर निगम के करदाताओं को संपत्ति प्रोत्साहन योजना के तहत ब्याज एवं शास्ति में छूट दी जाएगी। यह जानकारी नगर निगम के नगर आयुक्त राजीव कुमार श्रीवास्तव ने दी है। जारी सूचना में उन्होंने कहा है कि बकाया संपत्ति कर के सभी बकाए के निपटारे के लिए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार व नगर विकास विभाग द्वारा एक आम माफी योजना शुरु की गई है। इसके तहत 31 मार्च 2013 तक के ब्याज की माफी तथा आवासीय संपत्ति पर दो हजार एवं गैर आवासीय संपत्ति पर पांच हजार रूपये शास्ति की माफी का प्रावधान किया गया है।

हिन्दुओं के खिलाफ हो रही साजिश

बरौनी प्रखंड के नीगा गांव के पूजनोत्सव में हिन्दू बचाओ हिन्दू जगाओ कार्यक्रम

संवाद सूत्र, बीहट, बेगूसराय : देश में हिन्दुओं को समाप्त करने की साजिश चल रही है। देश का स्वाभिमान हिन्दुओं से बढ़ी है। उक्त बातें शनिवार को बरौनी प्रखंड अंतर्गत नींगा गांव में धर्म जागरण समन्वय भारत पूजनोत्सव के तहत हिन्दू बचाओ हिन्दू जगाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्म जागरण के प्रदेश उपाध्यक्ष रामलखन सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में चारों तरफ खतरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को खतरे से दूर कर दिया है। आज देश में धर्म प्रचार के नाम पर धर्म के आड़ में देश को खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि मुसलमान अपने को इस धरती का समझें। जब तक वे अपने को इस धरती का नहीं समझेंगे। तब तक हम उन्हें इस धरती का समझने को तैयार

धर्म प्रचार के नाम पर देश को खंडित करने का किया जा रहा प्रयास : धर्म जागरण के प्रदेश उपाध्यक्ष रामलखन सिंह

नहीं हैं। देश में लव जेहाद चलने वाला नहीं है। वहीं समारोह की अध्यक्षता डॉ. रामनाथ शर्मा ने की। मंच संचालन राम विलास सिंह ने किया। समारोह को संत महंत त्रिपुरदास महाराज, संत संजय शात्री महाराज, हीरा जी, सुरेन्द्र मेहता, धर्म जागरण अध्यक्ष संजय कुमार, भूपेन्द्र कुमार, उषा रानी, विभा शर्मा, विजेन्द्र कुमार, विकास कुमार, बबलु कुमार, शिवशंकर भगत, राजीव कुमार, अमेन्द्र कुमार, महेश सहनी, प्रकाश पंडित, कन्हैया कुमार, जितेन्द्र दास, अमित सहित अन्य ने अपना विचार रखे।

बरौनी प्रखंड के नींगा गांव में धर्म जागरण कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि • जागरण

श्रीमद् भागवत कथा को ले शोभा यात्रा

साहेबपुर कमाल (बेगूसराय) : शिवरात्रि पर चौकी ग्राम में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को शिवमंदिर परिसर से निकली कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ 501 कन्याओं ने नूतन वस्त्र धारण कर सिर पर कलश संपूर्ण ग्राम का भ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंचे।

शोभा यात्रा के दौरान आयोजकों द्वारा विभिन्न देवी देवताओं की झांकी भी निकाली गई। इस यात्रा में सम्पूर्ण गांव के स्त्री-पुरुष वृद्ध-बच्चे शामिल थे। कलश यात्रा के बाद दोपहर एक बजे से शिव मंदिर ठाकुरवाड़ी परिसर में अयोध्या से पधारे भागवत कथा वाचक सुरेश चन्द्र शास्त्री द्वारा संगीतमय कथा प्रारंभ किया गया। जिसमें प्रथम दिन गांव के हजारों श्रद्धालु ने कथा श्रवण किया। प्रथम दिन भागवत कथा के सार से अवगत कराते हुए कहा की इसमें भूतकाल की पौराणिकता को वर्तमान की कसौटी व भविष्य के मर्म प्रदर्शित करना निहित है।

गढ़पुरा में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण आरंभ

शुभारंभ

- 60 स्वयंसेवकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण
- 18 से 20 तक चलेगा प्रशिक्षण

संसू, गढ़पुरा (बेगूसराय): इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मारवाड़ी धर्मशाला गढ़पुरा के सभागार में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में पटना से आए डॉ. श्रवण कुमार एवं डॉ. संतोष कुमार सोनी तथा कार्यक्रम संयोजक नितेश कुमार पहुंचे हैं। डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि रेड क्रॉस संस्था की शुरुआत स्विस के रहने वाले जेनेवा बैंक के कर्मचारी जीन हेनरी डुमा ने 1863 ई. में की। जिन्होंने इटली और आस्ट्रेलिया के बीच चल रहे भयंकर युद्ध के दौरान देखा कि सैकड़ों की संख्या में दोनों पक्ष के लोग घायल हो रहे तथा मरते जा रहे हैं। परंतु इसकी चिंता किसी को नहीं थी। इसी को देखते हुए जीन हेनरी डुमा ने नौकरी से त्यागपत्र देते हुए फ्रांसीसी डालजीरिया में एक फार्म हाउस खरीद कर दोनों देशों की सहमति बनाकर घायल की चिकित्सा एवं मृतकों की अंत्येष्टि की सुविधा वहां दी जाने लगी। इसी प्रयास का नाम रेड क्रॉस के रूप में रखा गया। उसके बाद भारत वर्ष में रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना 1920 में की गई। आज यह संस्था भारत में ही नहीं दुनिया में फैली हुई है। जिसके द्वारा विभिन्न तरह के आपदा विपदाओं में काम किए जा रहे है। सभी क्षेत्रों में जगह-जगह वालंटियर्स तैयार किए जाने लगे। आज इसी के तहत गढ़पुरा में 60 लोगों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक डॉक्टरों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता सुशील कुमार सिंघानिया समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मिथिला राज्य का गठन समय की मांग

खोदावंदपुर, बेगूसराय : अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के बैनर तले मिथिला राज्य की स्थापना की मांग को लेकर शनिवार को मेघौल में परिचर्चा हुई। परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए मिथिला शिक्षा मंच के संयोजक प्रो. प्रवीण कुमार झा प्रेम ने मिथिला राज्य के गठन को समय की मांग बताया। उन्होंने कहा उत्तर बिहार की भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संरचना समान है। इसलिए हमारी मांग यथोचित है। उन्होंने मिथिला के लोगों, नेताओं, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों से तमाम दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर मिथिला राज्य निर्माण आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। जबकि मिथिला मुस्लिम मंच के संयोजक आर हुसैन ने मिथिला राज्य के अस्तित्व को अल्पसंख्यकों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद का मुख्य लक्ष्य मिथिला राज्य की स्थापना है। जिसके लिए जन-आंदोलन की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नरेंद्र मिश्र ने इसके लिए विभिन्न मंचों और मोर्चो के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मार्च में खोदावंदपुर में परिषद के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, मिथिला पत्रकार मंच के गठन की जानकारी दी।

बखरी में अभाविप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

बखरी में सदस्यता अभियान चलाते एबीवीपी कार्यकर्ता • जागरण

संवाद सूत्र, बखरी (बेगूसराय) : बखरी नगर अभाविप इकाई के द्वारा बखरी अनुमंडल में डिग्री कॉलेज की स्थापना व अन्य शैक्षणिक समस्या को लेकर शनिवार को नगर के महादेव स्थान चौक पर नगर मंत्री ललनदेव कुमार के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

इस मौके पर जिला से आए हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि सरकारी घोषणा के बावजूद अनुमंडल में डिग्री कॉलेज अभी तक नहीं खोला गया। यहां हरहाल में डिग्री कॉलेज की स्थापना हो तथा बेगूसराय में केंद्रीय विश्वविद्यालय खुले इसको लेकर अभाविप लगातार आंदोलन कर रही है। नगर मंत्री ललन देव कुमार ने कहा अनुमंडल क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

जिला प्रशासन छात्रहित में जल्द से जल्द डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं नहीं तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान में भाजयुमो के अंकित सिंह, नीतीश कुमार, गोलू कुमार, कोमल आर्य, अमित पोद्दार, संजय कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

विधायक से मिले संघ के सदस्य

बेगूसराय : बिहार राज्य महादलित टोला स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मानंद दास के नेतृत्व में संघ के अन्य सदस्यों ने शनिवार को विधायक नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह से मुलाकात की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने विधायक से संघ द्वारा पटना में 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले अंबेडकर जयंती सह मुख्यमंत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिरकत करने का अनुरोध किया। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार रजक, लाल बाबू चौधरी, पप्पु कुमार, सुरेश राउत, शंभू कुमार सहित अन्य भी मौजूद थे।

जनसंवाद मंच की बैठक, भगवानपुर, बेगूसराय : कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर जनसंवाद मंच की बैठक चन्दौर में हुई। बैठक में समस्या पर विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र रजक ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला के संयोजक शिव दयाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्या को उजागर करने के लिए जन संवाद मंच का गठन किया गया है। लखनपुर पुल, दामोदरपुर से पासोपुर तक की सड़क, प्रखंड में बालिका उच्च विद्यालय सहित अनेक समस्याओं के निदान पर चर्चा हुई।

सात पंचायत में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण

अभियान

- आधिकारिक रूप से ओडीएफ घोषित करने की प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ
- चालू वित्तीय वर्ष में दस और पंचायतों को करना है शौचमुक्त

जासं, बेगूसराय : सरकार पंचायतों को स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसके लिए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत व्यापक पैमाने पर शौचालय निर्माण का कार्य जारी है। जिला प्रशासन ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में जिला की कुल 17 पंचायतों को शौचमुक्त करने का निर्णय लिया है। जिसमें से सात पंचायतों में शत प्रतिशत शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

हालांकि अभी इन पंचायतों को आधिकारिक रूप से शौचमुक्त पंचायत घोषित नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो इन पंचायतों को शौचमुक्त घोषित करने की प्रशासनिक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

चयनित पंचायत : लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत चालू वित्तीय वर्ष में जिन पंचायतों को शौचमुक्त किया जाना है, उसमें बखरी प्रखंड की चक चनरपत एवं चकहमीद पंचायत, बेगूसराय प्रखंड की खम्हार एवं सूजा पंचायत, भगवानपुर प्रखंड की मेहदौली, वीरपुर प्रखंड की डीहपर, चेरिया बरियारपुर प्रखंड की मंझौल-4, छौड़ाही प्रखंड की परोड़ा एवं एकंबा, डंडारी प्रखंड की बांक एवं कटहरी, गढ़पुरा प्रखंड की कोरियामा, खोदाबंदपुर प्रखंड की खोदावंदपुर, मंसूरचक प्रखंड की साठा, नावकोठी प्रखंड की विशनपुर एवं पहसारा पूर्वी तथा बलिया प्रखंड का नूरजमापुर पंचायत शामिल है।

सात पंचायतों में लक्ष्य हासिल

चयनित पंचायतों में से सात पंचायतों में शौचालय निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। जिसमें बखरी प्रखंड की चक चनरपत, वीरपुर प्रखंड की डीहपर, चेरिया बरियारपुर प्रखंड की मंझौल-4, छौड़ाही प्रखंड की एकंबा, डंडारी प्रखंड की कटहरी, मंसूरचक प्रखंड की साठा तथा बलिया प्रखंड की नूरजमापुर पंचायत शामिल है।

शेष पंचायतों की स्थिति

विभागीय रिपोर्ट की मानें तो चयनित पंचायतों में से कई पंचायतों में शौचालय निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए गिनती का कुछ परिवार बचा हुआ है। जहां शौचालय निर्माण होना है। जबकि कुछ पंचायतों में इसकी संख्या अब भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक गढ़पुरा प्रखंड की कोरियामा पंचायत में अवशेष लक्ष्य मात्र तीन बताया गया है। जबकि नावकोठी की विशनपुर पंचायत में अवशेष लक्ष्य सिर्फ सात है।

छौड़ाही प्रखंड के परोड़ा में अवशेष लक्ष्य 30, भगवानपुर प्रखंड के मेहदौली में अवशेष लक्ष्य 55, खोदावंदपुर प्रखंड की खोदावंदपुर पंचायत में 207, बेगूसराय प्रखंड की सूजा पंचायत में 401, खम्हार पंचायत में 504, डंडारी प्रखंड के बांक में 542, नावकोठी प्रखंड के पहसारा पूर्वी में 951 तथा बखरी प्रखंड की चकहमीद पंचायत में 1156 परिवार में शौचालय निर्माण का लक्ष्य अवशेष है

महिला क्रिकेटरों ने बिखेरा जलवा

बेगूसराय सदर : बेगूसराय प्रीमियर लीग द्वारा पहली बार जिला के नागदह गांव में अंतर राज्य महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। नागदह गांव के श्रीसीताराम दास स्टेडियम में आयोजित इस तीन दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन एसपी रंजीत कुमार मिश्रा व एएसपी कुमार मयंक ने किया।

उदघाटन मैच झारखंड और बंगाल टीम के बीच खेला गया। सकी जानकारी देते हुए स्कोरर मुरारी कुमार ने बताया कि टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करती हुई झारखंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। इसमें झारखंड की जुम्मी ने 54 बाल पर 69 रन तथा संजु पटेल ने 24 बाल पर 23 रन बनाया।

जबकि बंगाल की साधना और चांदनी ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में खेलने उतरी बंगाल की टीम 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर सिर्फ 156 रन ही बना सकी। इसमें बंगाल की साधना ने 38 बाल पर 50 रन तथा सुषमा ने 40 बाल पर 56 रन बनाया। इधर, झारखंड की ओर से बालिंग करती हुई अनिता ने दो विकेट, जुम्मी और अंजना ने एक-एक विकेट हासिल करने में सफलता पाई। इस प्रकार बंगाल की टीम तीन रन से मैच हार गई। झारखंड की खिलाड़ी जुम्मी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर उदघोषक प्रफुल्ल मिश्रा, टीपू व राजन, स्कोरर सुमित व मुरारी तथा निर्णायक के रूप में रुपेश कुमार व सुधीर गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागदह क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष जवाहर महतो, सचिव रंधीर महतो व कोषाध्यक्ष हरेकृष्ण की भूमिका काफी अहम रही।

नागदह गांव में महिला क्रिकेटरों से परिचय प्राप्त करते एसपी व एएसपी • जागरण

हरि नाम से भवसागर पार कर जाते हैं प्राणी :चित्रलेखा

संवाद सूत्र, चेरिया बरियारपुर (बेगूसराय) : प्रभु का नाम सबसे बड़ा है। उनके नाम में ही सामर्थ्य है। कलयुग की मायावी दुनिया में हरि नाम की ताकत से प्राणी भवसागर पार कर जाते हैं। क्योंकि अमृत और विष अपने स्वभाव नहीं छोड़ते हैं तो हरि का नाम कैसे छोड़ सकता है। उक्त बातें चेरिया बरियारपुर प्रखंड परिसर स्थित मैदान में आयोजित संगीतमयी भागवत कथा के चौथे दिन देवी चित्रलेखा ने प्रवचन करते हुए कहीं। उन्होंने 'हरि नाम में कितनी शक्ति है पूछो प्रेम दीवानों से' गीत के माध्यम से वर्णन करते हुए कहा प्रभु के नाम से समस्त पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने हिरण्यकश्यप के कथा प्रसंग के माध्यम से प्रहलाद के हरिनाम की सार्थकता बताते हुए 'मुझे चाह नहीं दुनिया भर की बस तेरा नजारा चाहिए' गीत के माध्यम से किया। देवी ने नौवें स्कंध में प्रवेश करते ही रामावतार की कथा श्रवण कराते हुए राम को नैतिक गुणों से संपन्न बताया। कहा इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। राम जन्मोत्सव, मिथिला प्रसंग में पुष्प वर्षा व पुष्प वाटिका स्वयंवर की कथा की मनोरम तरीके से चर्चा की। जन्म पर 'ललना के बधाई कंगना लेबो हे', 'जो आनंद विदेह नगर देह नगर में न' गीत के द्वारा श्रद्धालुओं झूमा दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा मुहैया कराने आयोजक समिति के सदस्य शंभू शरण शर्मा, रामदेव पोद्दार, रचना कुमारी, विपिन सिंह, निरंजन सिंह, श्याम नदंन चौधरी, अभय चौधरी, रामकुमार सिंह आदि करते नजर आए।

चेरियाबरियारपुर में आयोजित भागवत कथा को सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ • जागरण

यूको बैंक UCO BANK

निलामी द्वारा बिक्री हेतू यूको बैंक अंचल कार्यालय, बेगूसराय की आम सूचना

जबकि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अधीन मांग नोटिस जारी की गयी थी तथा उसके पश्चात सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुए सरफेसी एक्ट की धारा 13(4) के अधीन बैंक के पास बन्धक रखी गई सम्पत्तियों को कब्जे मे लेने के बाद प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम के रूल 8 व 9 के तहत **"जैसा है जहां है"** तथा **"जैसा है जो भी है"** के आधार पर सार्वजनिक निलामी द्वारा सम्पत्तियों जो कि नीचे कालम संख्या 2 मे वर्णित है, को बेचने का निर्णय लिया है । जिसे नीचे कालम संख्या 5 मे दिये गये तिथि व स्थान पर सार्वजनिक निलामी द्वारा 11.00 बजे पूर्वाह्न से बेचा जायेगा । सम्पत्तियों व नियमों व शर्तो का विवरण –

शाखा व उधारकर्ता का नाम व पता	संपत्तियों का विवरण	आरक्षित राशि व ऋण का बकाया राशि	अग्रधन की राशि व स्थान	बिक्री की तारीख
1. उधारकर्ता का नाम– कैलाश प्रसाद सिंह पिता– श्री कुशेश्वर प्रसाद सिंह और श्रीमति इंदु देवी पति श्री कैलाश प्रसाद सिंह, गंगजाला, वार्ड सं0 18, सहरसा। शाखा का नाम–सहरसा	संपत्ति स्वामि का नाम–इंदु देवी कैलाश प्रसाद सिंह, मौजा–सहरसा, थाना सं0–189, तौजी सं0 –3675, खाता सं0–714 पुराना, 1349 नया, खेसरा सं0–560 पुराना, 1205 नया क्षे0–2.5 डेसीमल। चौहद्दी– उत्तर–निज, दक्षिण– भुमि यादव, पुरब–निज, पश्चिम– रोड।	आरक्षित मूल्य राशि–32,30,550/– बकाया ऋण रू.9,05,350/– (बकाया ब्याज एवं अन्य खर्च लागू)	रू. 3,23,055/–	निलामी की तिथि 23.03.2017 स्थान–यूको बैंक अंचल कार्यालय बेगूसराय
2.उधारकर्ता का नाम– श्री रवि भुषण दास, पिता श्री मनोहर दास, एट– अयोध्या पैगम्बरपुर, पोस्ट– एवं थाना–तेघडा, जिला– बेगूसराय। शाखा का नाम– दनियालपुर रोड,	संपत्ति स्वामि का नाम–श्री मनोहर दास पिता–स्व0 अमीर दास मौजा–बिनालपुर, थाना–109 तौजी–1452, खाता सं0– 366, खेसरा सं0–1512 क्षेत्रफल–3 कट्ठा 15 धुर, चौहद्दी–उत्तर– मनोहर दास, दक्षिण–गुप्ता बांध/ सोलिंग रोड, पू0–रामउदीत, पश्चिम– आनंद दास।	आरक्षित मूल्य राशि– 5,91,000/– बकाया ऋण रू. 4,84,204/– (बकाया ब्याज एवं अन्य खर्च लागू)	रू. 59,100/–	नीलामी की तिथि 23.03.2017 स्थान–यूको बैंक अंचल कार्यालय बेगूसराय
3. मेसर्स जे एण्ड एस फार्मा, प्रोपराईटर–श्री मनोज कुमार चौधरी पिता– श्री राम नारायण चौधरी, एट–लाईन बाजार, एसपी कोठी रोड, पूर्णिया। शाखा का नाम– जिला परिषद पूर्णिया।	संपत्ति स्वामि का नाम–श्री राम नारायण चौधरी पिता– अनुपलाल चौधरी, मौजा–धमदाहा, थाना संख्या– 138 तौजी सं0–1/1309 खाता 1039, खेसरा संख्या–378, क्षेत्रफल–20.25 डेसीमल। चौहद्दी– उत्तर– रोड, दक्षिण– परमानंद कुमार, पूरब– सुधीर चौधरी, पश्चिम– नरेन्द्र झा।	आरक्षित मूल्य राशि–17,31,000/– बकाया ऋण रू. 16,00,281/38 (बकाया ब्याज एवं अन्य खर्च लागू)	रू. 1,73,100/–	नीलामी की तिथि 23.03.2017 स्थान–यूको बैंक अंचल कार्यालय बेगूसराय
4. उधारकर्ता का नाम– श्री राजकुमार दास पिता– श्री हरिहर दास और श्रीमति किरण देवी पति श्री राज कुमार दास,ग्राम– बिशनपुर, पुरानी दुर्गा स्थान के समीप, बेगूसराय। शाखा का नाम– मुख्य शाखा बेगूसराय।	संपत्ति स्वामि का नाम–श्रीमति किरण देवी पति–श्री राज कुमार दास, मौजा– बिशनपुर बहीर, थाना सं0–343, तौजी संख्या– 681, खाता सं0–632, खेसरा संख्या–439,440, क्षेत्रफल– 1 कट्ठा 1 धूर। चौहद्दी– उत्तर– टुनटुन दास, दक्षिण– हरिहर दास, पुरब– रोड, पश्चिम– स्व0 धानिक साह	आरक्षित मूल्य राशि–13,23,000/– बकाया ऋण रू. 7,60,218/– (बकाया ब्याज एवं अन्य खर्च लागू)	रू.1,32,300/–	नीलामी की तिथि 23.03.2017 स्थान–यूको बैंक अंचल कार्यालय बेगूसराय
5. उधारकर्ता का नाम– मेसर्स संतोष रेडिमेड साड़ी संगम,प्रोपराईटर–श्री संतोष कुमार दास पिता–स्व0 महेन्द्र दास और श्री विनोद कुमार दास पिता स्व0 महेन्द्र दास, एट–लोहिया नगर, आनंदपुर, पोस्ट– सुहृदनगर, बेगूसराय। शाखा का नाम–बेगूसराय मुख्य शाखा।	संपत्ति स्वामी का नाम–श्री संतोष कुमार दास पिता– स्व0 महेन्द्र दास और श्री बिनोद कुमार पिता स्व0 महेन्द्र दास, मौजा– आनंदपुर, थाना सं0 357, तौजी सं0 852, खाता सं0 23, खेसरा सं0 196, क्षेत्रफल– 1 कट्ठा, चौहद्दी– उत्तर– 4 फीट सोलिंग रोड और तब भोला महतो, दक्षिण– जगदीश प्रसाद दास, पूरब– अनिल दास, प0– रामबहादुर दास।	आरक्षित मूल्य राशि–17,08,000/– बकाया ऋण रू. 32,50,042/– (बकाया ब्याज एवं अन्य खर्च लागू)	रू.1,70,800/–	नीलामी की तिथि 23.03.2017 स्थान–यूको बैंक अंचल कार्यालय बेगूसराय

नियम व शर्तें

1. निलामी में भाग लेने के लिये प्रत्येक बोली लगाने वाले को कॉलम संख्या 4 मे वर्णित अग्रधन राशि को मांग पत्र/भुगतान आदेश द्वारा यूको बैंक के पक्ष मे जो कि बेगूसराय मुख्य शाखा (0239) पर देय हो के माध्यम से जमा करनी होगी। उक्त अग्रधन राशि दिनांक 22.03.2017 को 4.00 बजे अपराह्न के भीतर बेगूसराय अंचल कार्यालय में जमा करना होगा। बोली लगाने वाले को अग्रधन राशि के साथ बोली प्रारूप भी जमा करना होगा। सफल बोली लगाने वाले के मामले मे उक्त अग्रधन राशि को समायोजित किया जायेगा।
2. प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कारण बताए किसी भी या सभी बोली/प्रस्ताव को स्वीकार या रद्द करने या निलामी द्वारा बिक्री को स्थापित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।
3. उपर उल्लिखित सम्पत्ति को आरक्षित राशि (जो कालम सं 3 मे वर्णित है) से कम में नही बेचा जायेगा व सभी सम्पत्तियों को एक साथ बेचने की प्राथमिकता होगी ।
4. यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसी बोली/प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है तो को बोली मे सबसे ज्यादा विक्रय मूल्य का प्रस्ताव/बोली लगाने वाले को लगाई गयी बोली की राशि का अग्रधन राशि सहित 25 प्रतिशत उसी दिन प्राधिकृत अधिकारी के पास तुरंत जमा कराना होगा अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी व सम्पति को पुनः बेचा जायेगा ।
5. नीलामी मे भाग लेने वाले प्रतिभागी को न्यूनतम आरक्षित मूल्य से एक इंक्रीमेंट उपर जो रू 10000.00 (रू दस हजार) या इसके गुणक मे होगी से बोली शुरू करनी होगी व प्रत्येक अगले क्रम की बोली एक इंक्रीमेंट उपर या इसके गुणक मे लगाई जायेगी।
6. सफल बोली लगाने वाले को बोली लगाई गयी राशि का शेष 75 प्रतिशत बिक्री के पुष्टिकरण की तारीख के 15वें दिन या उससे पहले यूको बैंक पूर्णिया शाखा, सहरसा भाखा, दनियालपुर भाखा, बेगूसराय मुख्य भाखा में जमा कराना होगा।
7. निर्धारित अवधि यानि बिक्री के के पुष्टिकरण की तारीख से 15 दिनों मे बोली लगाई गयी राशि की शेष 75 प्रतिशत के भुगतान मे चूक होने पर जमा की गयी राशि (अग्रधन राशि सहित 25% राशि) को जब्त कर लिया जायेगा एवं सम्पत्ति को पुनः बेचा जायेगा तथा सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा या बाद मे बेच कर प्राप्त की जाने वाली राशि के किसी भी अंश पर चूककर्ता खरीददार का कोई दावा नही रहेगा ।
8. बैंक द्वारा बिक्री का पुष्टिकरण किये जाने तथा भुगतान की शर्तों का अनुपालन किये जाने की स्थिति मे प्राधिकृत बिक्री के लिये अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरफेसी एक्ट 2002 के नियमो के तह्त बैंक के विनिर्दिष्ट प्रारूप मे खरीददार के पक्ष मे बिक्री प्रमाणपत्र जारी करेगी।
9. **'सम्पत्ति जहां है जैसा है'** व **'जो है वैसा है'** के आधार पर सरफेसी एक्ट 2002 मे निर्धारित शर्तो के अधीन बेची जायेगी। इच्छुक पार्टियां/बोली लगाने वाले, बोली प्रारूप की प्रति के लिये व निलामी द्वारा बेची जाने वाली सम्पत्तियों का निरीक्षण के लिये संबन्धित शाखा प्रबन्धक से बैंकिंग कार्य के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं । **सम्पर्क सूत्र– श्री शिवेंदु भारद्वाज (शाखा प्रबन्धक जिला परिषद पूर्णिया), दूरभाष– 06454–242836), बी.एस.कंठ (शाखा प्रबन्धक– सहरसा)– दूरभाष–06478–225026, श्री एस. के मुखोपाध्याय (शाखा प्रबंधक–बेगूसराय मुख्य शाखा)–06243–242812, श्रीमति प्रसंशा कुमारी (शाखा प्रबन्धक दनियालपुर), दूरभाष–06279–235735**
10. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोली लगाने वाले को सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा सौंपा जायेगा। सफल बोली लगाने वाले को विशेष रूप से भौतिक कब्जा, वाहन व्यय, रजिस्ट्रेशन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, सांविधिक बकाया, जो भी लागू हो, के लिये देय सभी प्रभार का वहन करना होगा। बिक्री/निलामी बैंक द्वारा पुष्टिकरण के अधीन है।
11. सभी बोली दाताओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रभार, लियन, भार, सम्पत्ति कर आदि की जानकारी पूर्व ही प्राप्त कर लें व बोली लगाने से पूर्व सम्पति का निरीक्षण कर संतुष्ट हो लें। बोली के बाद कोई भी दावा स्वीकार्य नहीं होगा ।
12. यह बिक्री सूचना उपरोक्त कॉलम संख्या 1 मे वर्णित उधारकर्ता/गारंटीकर्ता को उपरोक्त वर्णित कॉलम संख्या 5 मे वर्णित तारीख व स्थान पर निलामी द्वारा बिक्री करने की नोटिस है यदि उनके द्वारा बकाया राशि का पूर्ण भुगतान बिक्री की तिथि तक नहीं किया जाता है। बिक्री की सूचना के व्याख्या के सम्बन्ध मे अंग्रेजी मे जारी नोटिस के कथन को सही माना जायेगा ।

दिनांक– 18.02.2017
स्थानः बेगूसराय

प्राधिकृत अधिकारी
यूको बैंक,
अंचल कार्यालय, बेगूसराय